## सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

## प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट A) समय–3 घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड (स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न,खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सही संबंध जोड़िए से सम्बन्धित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

**प्रश्न –1 खण्ड (अ) सही उत्तर चुनकर लिखिए –**

(i) प्राकृतिक संसाधन कहलाते हैं–

(अ) मृदा (ब) खनिज (स) वन (द) उपर्युक्त सभी

(ii) रूस की क्रांति हुई –

(अ) 1919 (ब) 1917 (स) 1921 (द) 1932

(iii) चुनाव प्रचार मतदान के कितने घण्टे पहले बन्द कर दिया जाता है ?

(अ) 24 घण्टे (ब) 30 घण्टे (स) 36 घण्टे (द) 48 घण्टे

(iv) साक्षरता दर सबसे अधिक है –

(अ) भारत (ब) नेपाल (स) चीन (द) श्रीलंका

(v) कथन : वन नवीकरणीय संसाधन है।

कारण : जितना वन काटा जाए उतना स्वतः उग जाता है।

(अ) केवल कथन सही है।

(ब) केवल कारण सही है।

(स) कथन और कारण दोनों सही है।

(द) कथन और कारण दोनों गलत है।

**(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) मुसोलिनी .............................. देश का फॉसीवादी तानाशाह था ।

(ii) नियामगिरि में .................................. अयस्क का भण्डार है।

(iii) जन्म से 6 माह तक के बच्चों को भारत में आहार के रूप में .......................................... देना चाहिए।

(iv) रबी की फसल ...................................... महीने में बोयी जाती है।

(v) इण्डोनेशिया का स्वतंत्रता सघर्ष ..................................... देश के विरूद्ध था।

**(स) उचित सम्बन्ध जोड़ो –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कोयला | – (1) राजा हरिशचंद |
| 2. | BMI ऑकडे | – (2) लन्दन |
| 3. | भारत की पहली फिल्म थी | – (3) हो .ची मिन्ह |
| 4. | टेम्स नदी | – (4) अनवीकरणीय संसाधन |
| 5. | वियतनाम के क्रांतिकारी नेता और प्रथम राष्ट्रपति थे। | –(5) विश्व स्वास्थ्य संगठन |
| | | –(6) संयुक्त राष्ट्रसंघ |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न –2. लेनिन के द्वारा जमीन सम्बन्धित एलान में क्या कहा गया ?

प्रश्न –3. 1943 में बंगाल के अकाल के क्या कारण थे ?

प्रश्न –4. छत्तीसगढ़ में अधिकांशतः किस प्रकार की मृदा पाई जाती है ?

प्रश्न –5. सरकार के लिए बजट क्यों जरूरी है?

प्रश्न –6. खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य बताइए ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है )

प्रश्न – 7. शीत युद्ध में परमाणु शस्त्रों की क्या भूमिका थी ?

प्रश्न –8. आधुनिक मॉस मीडिया पर विज्ञापनों के प्रभाव किस प्रकार पड़ रहे हैं ?

प्रश्न –9. जनगणना के ऑकड़े हमारे लिए कैसे उपयोगी हैं ?

प्रश्न –10. आप किसी संस्था से जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार का प्रयोग किस प्रकार करेंगे ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न –11. आस्ट्रिया ने सर्बिया पर हमला क्यों किया और सर्बिया की मदद के लिए कौन सा देश आया ?

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध का कारखानों के मालिकों व मजदूरों पर क्या असर पड़ा ?

प्रश्न – 12. लोकतंत्र में बहुदलीय प्रणाली का क्या महत्व है स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

हिन्दू कोडबिल पारित नहीं होने से भारत में महिलाओं की स्थिति कैसी होती ?

प्रश्न –13. (अ) विकास को मापने के कोई दो संकेतकों के नाम लिखिए ।

(ब) नवीकरणीय एवं अनवीकरणीय संसाधनों में अंतर बताइए ।

अथवा

(अ) सार्वजनिक सुविधाओं के उदाहरण दीजिए । (कोई चार)

(ब) संसाधन को समझाइए ।

प्रश्न – 14. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए । (कोई चार )

अथवा

उत्खनन से किस प्रकार के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव हो सकते हैं ? उनका क्या निदान है ?(कोई दो उपाय लिखिए। )

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15. (अ) बैंकों में ग्राहकों के पैसे किन किन खातों में जमा होते हैं ? समझाइए ।

(ब) हिटलर ने जर्मनी के लोगों को क्या–क्या आश्वासन दिया ।

अथवा

(अ) मुद्रा के कार्यों को लिखिए ।

(ब)राष्ट्रवाद और अतिराष्ट्रवाद में अन्तर बताइए । (कोई दो)

प्रश्न –16. (अ) वैश्वीकरण ने श्रमिकों के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है।

(ब) महानगर किसे कहते हैं ?

अथवा

(अ) वैश्वीकरण ने पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

(ब) क्राल क्या है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है )

प्रश्न –17. (अ) स्वतंत्र भारत का संविधान 1935 के अधिनियम से किस प्रकार भिन्न है कोई 3बिन्दु लिखिए ।


(ब) शक्ति पृथक्करण सिद्धान्त लिखिए।

अथवा

(अ) संविधान के उद्देशिका में आए शब्द पंथनिरपेक्ष, गणराज्य और समाजवादी का क्या आशय है।

(ब) न्यायपालिका कई स्तरों में होने से क्या फायदे हो सकते हैं?

प्रश्न –18. **विभिन्न देशों में महिला सांसदों का प्रतिशत**



उक्त ग्राफ को देखकर सबसे कम से अधिक प्रतिशत वाले महिला सांसदों वाले देशों का नाम क्रम से लिखिए ।

अथवा

आपके जीवन को मीडिया किस प्रकार प्रभावित करता है कोई 3 प्रभाव लिखिए ।

..............................000.......................

सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट B) समय–3 घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड(स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति से संबंधित प्रश्न एवं खण्ड (स) में सही संबंध जोड़ने से संबंधित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आंबटित है।

प्रश्न (1) खण्ड (अ) सही उत्तर चुनकर लिखिए –

(i) साइलेंट स्प्रिंग के लेखक हैं–

(अ) डॉ.जेम्स हानसेन (स) पिटर न्यूमैन

(ब) रैचेल कार्सन (द) एल्डो लियोपोल्ड

( ii ) विकास का वास्तविक अर्थ है–

(अ) जीवन प्रत्याशा (स) साक्षरता दर

(ब) आय (द) उपर्युक्त सभी

( iii) खरीफ ऋतु का आगमन होता है–

(अ) मानसून की वापसी के साथ (स) मकर संक्रांति के बाद

(ब) मानसून के आगमन के साथ (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

( iv) FCI द्वारा किसानों के अनाजों को खरीदी जाती है–

(अ) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर (स) थोक मूल्य पर

(ब) स्थानीय मूल्य पर (द) अंतर्राष्ट्रीय मूल्य पर

( v) मतदान की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किस संविधान संशोधन द्वारा की गई –

(अ) 52 वाँ (स) 61वाँ

(ब) 86 वाँ (द) 92वाँ

**खण्ड (ब)रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :–**

(i) लौह अयस्क एक ................................................ संसाधन है।

(ii) रूस में औद्योगीकरण की पहल .................................. ने की ।

(iii) जर्मनी,इटली और ........................................... मिलकर धुरी देश कहलाए।

(iv) इंडोनेशिया की स्वतंत्रता का संघर्ष ...................................... देश के विरूद्ध था ।

(v) चुनाव के लिए राजनैतिक दलों का पंजीकरण ..................................... संस्था में होता है।

**खण्ड (स) सही उत्तर चुनकर लिखिए :–**

1. असहयोग आंदोलन (1) परमाणु खनिज

2. यूरेनियम (2) 2012

| | |
|---|---|
| 3. केन्द्रीय बैंक | (3) मसाई |
| 4. क्राल | (4) महात्मा गाँधी |
| 5. छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम | (5) भारतीय रिजर्व बैंक |
| | (6) गोपाल कृष्ण गोखले |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न –2. विकास को मापने के किन्हीं दो संकेतकों के नाम लिखिए ।

प्रश्न –3. रबी की प्रमुख फसलों के नाम लिखिए।( कोई चार )

प्रश्न –4. द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी के हार के दो कारण लिखिए ।

प्रश्न –5. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले दो कारकों को लिखिए ।

प्रश्न –6. खाद्य सुरक्षा के दो प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है )

प्रश्न –7. भारत में लिंगानुपात के कम होने के कोई तीन कारण लिखिए।

प्रश्न –8. शीत युद्ध में परमाणु शस्त्रों की क्या भूमिका थी?

प्रश्न –9. ग्रामीण अधिवास के वृत्ताकार प्रतिरूप का रेखाचित्र बनाइए।

प्रश्न–10. वैश्वीकरण से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को लिखिए । (कोई तीन )

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न–11. वन हमारे लिए उपयोगी हैं,क्यों?

अथवा

भूमि निम्नीकरण की समस्याओं को सुलझाने के उपाय लिखिए । (कोई चार )

प्रश्न –12. वर्साय की संधि के किन्हीं चार परिणामों को लिखिए।

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध में उपयोग में लाई गई प्रमुख नई तकनीकों को लिखिए । ( कोई चार )

प्रश्न –13. बजट पारित करने के लिए विधानमण्डलों की मंजूरी क्यों आवश्यक है? समझाइए।

अथवा

वैट किस तरह से कर चोरी को कम कर सकता है? स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न –14. भाषा आधारित प्रदेश गठन के कोई चार सकारात्मक प्रभाव लिखिए।

अथवा

हिन्दू कोड बिल स्त्री – पुरूष समानता के कौन – कौन से अवसर देता है लिखिए। ( कोई चार )

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15. यदि भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों पर नियंत्रण नहीं रखे तो मुद्रा एवं साख व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

प्रश्न –16. नोटा बटन और राईट–टू–रिकॉल को समझाइए।

अथवा

दिए गए तालिका अनुसार लोकसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का विश्लेषण दिए गए प्रश्नों के आधार पर कीजिए।

| वर्ष | महिला उम्मीदवारों की संख्या | कुल उम्मीदवारों में महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत | महिला सांसदों की संख्या | महिला सांसदों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1951 | – | – | – | – |
| 1957 | 45 | 3.00 | 22 | 4.5 |
| 1962 | 66 | 3.30 | 31 | 6.30 |
| 1967 | 68 | 2.9 | 29 | 5.6 |
| 1971 | 61 | 2.2 | 21 | 5.6 |
| 1977 | 70 | 2.9 | 19 | 3.5 |
| 1980 | 143 | 3.1 | 28 | 5.3 |
| 1984 | 171 | 3.1 | 42 | 7.9 |
| 1989 | 198 | 3.2 | 29 | 5.5 |
| 1991 | 380 | 3.8 | 37 | 7.3 |
| 1996 | 599 | 4.3 | 40 | 7.4 |
| 1998 | 274 | 5.8 | 43 | 7.9 |
| 1999 | 284 | 6.1 | 49 | 9.0 |
| 2004 | 355 | 6.5 | 45 | 8.3 |
| 2009 | 556 | 6.9 | 59 | 10.9 |
| 2014 | 608 | 8.0 | 66 | 11.4 |

प्रश्न (i) महिला सांसदों का प्रतिशत सबसे कम किस वर्ष था?

प्रश्न (ii) महिला सांसदों का प्रतिशत सबसे अधिक किस वर्ष था ?

प्रश्न (iii) परिवर्तन सर्वाधिक किन दो वर्षों में है ?

प्रश्न (iv) किन वर्षों में महिला सांसदों का प्रतिशत समान रहा है?

प्रश्न (v) किन दो वर्षो में परिवर्तन का यह अंतर बहुत कम रहा है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है )

प्रश्न – 17. भारत के संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक एवं गणराज्य शब्दों का क्या अर्थ है ?

अथवा

निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्यों को लिखिए। (कोई छः)

प्रश्न – 18. लोकतांत्रिक संविधान नागरिकों को विचार और अभिव्यक्ति की आजादी देता है। ऐसे में सरकारों द्वारा संचार माध्यमों पर नियंत्रण या फिर सेंशरशिप कितना उचित है?

अथवा

बीसवीं सदी के संचार के प्रमुख माध्यमों का वर्णन कीजिए।

.........................000............................

सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट C) समय– 3घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड (स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न,खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सही संबंध जोड़िए से सम्बन्धित प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

1.(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – (5 अंक)

(i) इंदिरा गाँधी नहर निकाली गई है–

(अ) भाखड़ा नांगल बाँध (ब) हरिके बाँध (स)टिहरी बाँध (द) मदम सिल्ली बाँध

(ii) किस प्रांत से होकर कर्क रेखा नहीं जाती –

(अ) त्रिपुरा (ब) नागालैंड (स) छत्तीसगढ़ (द) राजस्थान

(iii) सार्वजनिक स्थल नहीं है –

(अ) धर्मशाला (ब) मंदिर (स) रेल्वे स्टेशन (द) हमारा घर

(iv) टेलीफोन का आविष्कार किया था –

(अ) सैमुएल मोर्स (ब) ग्राह्मबेल (स) मारकोनी (द) जे.एल.बेयर्ड

(v) लोकसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रतिशत है–

(अ) 10 % (ब) 18 % (स) 33 % (द) 50 %

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5 अंक)

(i) तरबूज .......................................... मौसम की फसल है।

(ii) नाजी पार्टी का नेता ...................................... था।

(iii) नोटों में मैं धारक को रूपए अदा करने का वचन देता हूँ के नीचे ........................ के हस्ताक्षर होते हैं।

(iv) माउण्ट आबू ...................................... राज्य में है।

(v) इंडोनेशिया .......................................... देश का उपनिवेश था।

(स) उचित संबंध जोड़िए –

1. द्वितीय विश्वयुद्ध –(1) फॉसीवाद
2. मुसोलिनी –(2) 1 जुलाई 2017
3. जी.एस.टी –(3) सार्वजनिक वितरण प्रणाली
4. पी.डी. एस – (4) वाशिंगटन
5. अमेरिका – (5) 1939 – 45

(6) 1914–18

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न –2. धातु के अलावा और किन – किन चीजों का पुनर्चक्रण किया जा सकता है ?

प्रश्न –3. भूमण्डलीकरण का क्या अर्थ है ?

प्रश्न –4. सरकार सार्वजनिक सुविधा क्यों उपलब्ध करती है ?

प्रश्न –5. महिलाओं के प्रति फॉसीवाद के क्या विचार थे ?

प्रश्न –6. मोटे अनाज के कम से कम चार उदाहरण लिखिए ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।)

प्रश्न –7. नीचे किस अर्थशास्त्री का चित्र है पहचानिए और बंगाल के अकाल और गरीबी के संबंध में इनके विचार लिखिए।




प्रश्न –8. परमाणु निःशस्त्रीकरण कैसे संभव हुआ ?लिखिए।

प्रश्न –9. बिखरे अधिवास पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न –10. नीचे दिए आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाइए कि विगत 25 वर्षों में निर्यात में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?तथा किस वर्ष से निर्यात में वृद्धि की दर तेजी से बढ़ने लगी।

**सामान का निर्यात (रू.करोड़ में)**




निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न –11. (अ) गरीबी दूर करने के लिए भूमि संवर्धन किस हद तक कारगर हो सकता है?

अथवा

(ब) विकास को मापने के प्रमुख संकेतक कौन – कौन से हैं ?

प्रश्न –12..यूरोप के  मानचित्र को देखकर सन्1914 में

(अ) तटस्थ देशों    (ब) ब्रिटेन व सहयोगी    (स) जर्मनी और सहयोगी देशों

के नाम लिखिए ।




अथवा

प्रथम विश्वयुद्ध क्यों हुआ?

प्रश्न – 13. विदेशी पूँजी की क्या आवश्यकता है ? इसके किन्ही 2 लाभों को लिखिए ।

अथवा

पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगीकरण के लिए सरकार को ही क्यों पूँजी लगानी पड़ती है ?

प्रश्न –14. हिन्दू कोई बिल के मुख्य 4 प्रस्तावों को लिखिए ।

अथवा

क्या आपको लगता है कि परिवार की संपति में भाई व बहनों को समान हिस्सा मिले ,अपने उत्तर की पृष्टि उचित कारणों के द्वारा कीजिए ।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15. (अ) अक्टूबर क्रांति क्यों हुई कोई तीन कारण लिखिए ।

(ब) बैंक में जमा रूपए को मुद्रा मानने के कोई दो आधार लिखिए ।

अथवा

(अ) रूस में औद्योगीकरण के लिए किस प्रकार धन जुटाया गया ,लिखिए ।

(ब) सभी को ऋण उपलब्ध हो सके इसके लिए क्या करना चाहिए । अपना विचार लिखिए ।

प्रश्न –16. (अ) नियामगिरी के लोगों के हितों की रक्षा करने में कानून ,जन आंदोलन और न्यायालय की क्या भूमिकाएँ रहों?

अथवा

(ब) शांति आंदोलन में शामिल लोग अशांति को रोकने के लिए क्या – क्या कर सकते हैं ? देशों के बीच शांति होना क्यों जरूरी है अपने विचारों को लिखिए ।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है )

प्रश्न –17.(अ) हमें संविधान निर्माण की आवश्यकता क्यों पड़ी ?

(ब) हमेशा बड़े दल के नेता को ही प्रधानमंत्री क्यों बनाया जाता है ?

अथवा

(अ) समाज में आर्थिक असमानता बने रहने से देश की राष्ट्रीय एकता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(ब) संविधान सभा का गठन किस सीमा तक लोकतांत्रिका था विवेचना कीजिए ।

प्रश्न –18. (अ) मीडिया के फायदे या नुकसान अधिक हैं अपने विचार लिखिए ।

(ब) आपके विचार में मॉस मीडिया में विज्ञापनों की क्या भूमिका है?

अथवा

(अ) आपके विचार में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा महिला उम्मीदवारों को अधिक संख्या में खड़ा क्यों नहीं किया जाता ?

(ब) इंटरनेट का वर्तमान में उपयोगिता को लिखिए ।

..............................000............................

## सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

## प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट D) समय– 3 घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड (स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न,खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सही संबंध जोड़िए से सम्बन्धित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

प्रश्न –1. (खण्ड अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(1) केरल के कासरगोढ़ में काजू की फसल पर कीटनाशक का प्रयोग किया गया था–

(अ) एंड्रोसल्फान (ब) डोडीन 65

(स) साइपर मेथिन (द) डेमोक्रान

(2) मनुष्य के मस्तिष्क का सबसे अधिक विकास होता है –

(अ) 10 वर्ष (ब) 7 वर्ष

(स) 5 वर्ष (द) 2 वर्ष

(3) किस प्रकार की भूमि पर उद्योग लगाना ठीक है ?

(अ) वन भूमि (ब)कृषि भूमि

(स) उपवन भूमि (द) बंजर भूमि

(4) भारत सरकार का केन्द्रीय बैंक है –

(अ) भारतीय स्टेट बैंक (ब) भारतीय सेन्ट्रल बैंक

(स) राज्य सहकारी बैंक (द) भारतीय रिजर्व बैंक

(5) लोकतंत्र में जन सहभागिता का सर्वाधिक अनिवार्य माध्यम है –

(अ) मतदान (ब) आन्दोलन

(स) योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण (द) संचार माध्यम

(खण्ड ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(1) जो संसाधन जीवों पर आधारित हैं उन्हें ..............................संसाधन कहते हैं।

(2) ............................. भारत के सबसे अधिक वनाच्छादित प्रदेशों में से है।

(3)मोटर गाड़ी उद्योग भारत के ...................... और औद्योगिक प्रदेश में स्थित है।

(4) मित्र राष्ट्र में ब्रिटेन,सोवियत रूस,संयुक्त राज्य अमेरिका और.............................थे ।

(5) वियतनाम के क्रांतिकारी नेता और प्रथम राष्ट्रपति ........................... थे ।

(खण्ड स ) सही संबंध जोड़िए –

| | |
|---|---|
| (1) परमाणु खनिज | (1) P.D.S |
| (2) सार्वजनिक वितरण | (2) इण्डोनेशिया |
| (3) द्वीपों का देश | (3) यूरेनियम |
| (4) केसरी पत्रिका | (4) बाक्साइट |
| (5) नियामगिरि | (5) लोकमान्य तिलक |
| | (6) अरविन्द घोष |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न –2. सार्वजनिक सुविधा किसे कहते हैं ?

प्रश्न –3. बैंक के कार्य लिखिए (कोई दो)

प्रश्न –4. भारत में पाये जाने वाले धात्विक खनिजों के नाम लिखिए । (कोई दो)

प्रश्न – 5. हिटलर जर्मन राज्य का विस्तार क्यों करना चाहता था ?

प्रश्न – 6. वर्तमान में शीतयुद्ध का क्या प्रभाव देखते हैं ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है )

प्रश्न –7. भारत में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता कम है,इसके क्या कारण हैं ?

प्रश्न –8. खाद्य सुरक्षा के प्रमुख आयाम कौन – कौन से हैं ?

प्रश्न –9. सूचना का अधिकार का सर्वाधिक लाभ लिखिए ।

प्रश्न –10. ग्रामीण अधिवास और नगरीय अधिवास की तुलना कीजिए ।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है। )

प्रश्न –11. भूमि प्रबंधन हेतु अपनाये जाने वाले उपायों को लिखिए । (कोई चार )

अथवा

परती भूमि और बंजर भूमि में अन्तर लिखिए।(कोई चार)

प्रश्न –12. प्रथम विश्वयुद्ध में सैनिकों की दशा सुधारने के लिए क्या – क्या कदम उठाये जा सकते थे ?

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध का जनसामान्य पर क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न –13. सरकारी बजट किसे कहते हैं? बजट में किन – किन बातों का विवरण होता है ?

अथवा

बजट पारित करने के लिए विधान मण्डलों की मंजूरी क्यों जरूरी है ?

प्रश्न – 14. भाषा आधारित प्रदेश गठन से क्या – क्या सकारात्मक प्रभाव हुए ?

अथवा

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने विदेश नीति के रूप में कौन – कौन से सिद्धांत स्थापित किए लिखिए। (कोई चार )

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15. अमेरिका में आया संकट पूरे विश्व को कैसे प्रभावित किया ?

अथवा

रूस की क्रांतिकारी सरकार के प्रमुख कदम क्या – क्या थे ?

प्रश्न –16. वैश्वीकरण ने श्रमिकों के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

अथवा

वैश्वीकरण ने पर्यावरण को किस तरह प्रभावित किया है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है )

प्रश्न –17. संविधान की उद्देशिका का हमारे जीवन में क्या महत्व है ?

अथवा

राष्ट्रपति की शक्तियों को लिखिए । (कोई 6)

प्रश्न –18. लोकतंत्र में जन सहभागिता को समझाइए ।

अथवा

संचार के विभिन्न माध्यमों को समझाइए ।

............................000.................................

सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट E) समय– 3घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड (स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न,खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सही संबंध जोड़िए से सम्बन्धित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

**प्रश्न –1. (अ) सभी प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए – (5)**

(1) निर्जीव भौतिक संसाधन का उदारण नहीं है –

(अ) भूमि (ब) वायु

(स) जल (द) मछली

(2) जैविक परत है –

(अ) A (ब) O और A

(स) B (द) R

(3) भारत में जीवन प्रत्याशा है–

(अ) 69 वर्ष (ब) 65 वर्ष

(स) 73 वर्ष (द) 91 वर्ष

(4) खरीफ फसल का उदाहरण है –

(अ) गेहूँ (ब) ककड़ी

(स) सरसों (द) मूंग

(5) अक्टूबर क्रांति का नेतृत्व किसने किया ?

(अ) मुसोलिनी (ब) हिटलर

(स) गाँधी जी (द) लेनिन

**(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –(5)**

(1) ब्याज की दर .............................. खाते में अधिक होगी ।

(2) सितंबर .................................... में यहूदियों की नागरिकता समाप्त कर दी गई ।

(3) जर्मनी की राजधानी .............................. है।

(4) GST ................................ तारीख से लागू किया गया ।

(5) निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा ........................... आयु तक के बच्चों को दी जा रही है।

**(स) उचित संबंध जोड़िए – (5)**

(1) BMI 30.0 से अधिक – (1) रेडियो से

(2) इंडोनेशिया में लोकतंत्र – (2) अत्यधिक मोटापा

(3) मार्कोनी का संबंध – (3) 50 लाख से अधिक

(4) राइट टू रिकॉल – (4) ग्रामवासियों के 2/3 बहुमत

(5) वृद्ध नगर – (5) 1998


(6) टेलीविजन

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।)

प्रश्न –2. वन संरक्षण एवं वन रोपण क्यों आवश्यक है ? (2)

प्रश्न –3.

**भारत : फसल उत्पादकता,** (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर)




उक्त आरेख में किस फसल की उत्पादकता में सबसे कम अंतर और किस फसल की उत्पादकता में सर्वाधिक अंतर है नाम लिखिए।


प्रश्न –4. द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के हारने के दो कारण लिखिए। (2)

प्रश्न –5. सरकारी बजट बनाते समय किन बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिए । (2)

प्रश्न –6. 1943 बंगाल के भयंकर अकाल में लोगों की स्थिति कैसी थी ? (2)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है )

प्रश्न –7.




पश्चिमी अफ्रीका और पश्चिमी यूरोप के आरेखों की भारत की आरेख से तुलना करके बताएँ कि क्या वहाँ भी 10 साल से कम उम्र के बच्चों में बालिकाओं का अनुपात कम दिखाई दे रहा है ।ऐसा क्यो ?स्पष्ट करें।

प्रश्न –8. सोवियत संघ के विघटन के पीछे क्या कारण रहा है ? (3)

प्रश्न –9. सूचना के आधिकार की तीन कमियाँ लिखिए । (3)

प्रश्न –10. भारत में नगरीयकरण से उत्पन्न किन्हीं 3 समस्याओं को लिखिए । (3)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न –11.(अ) अपशिष्ट किसे कहते है ?

(ब) महिलाओं की बेहतर शिक्षा के लिए कोई दो उपाय लिखिए ।

अथवा

(अ) प्रतिव्यक्ति आय कैसे ज्ञात की जातीहै।

(ब) सौर – ऊर्जा का उपयोग कहाँ –कहाँ किया जा रहा है, कोई 4 स्थान का नाम लिखिए ।

प्रश्न – 12. मानचित्र को देख कर फ्रांस की सीमा और सोवियत रूस की सीमा से लगे देशों के नाम लिखिए ।




अथवा

दोनों चित्रों को देख कर दोनों की स्थितियों के तुलनात्मक अध्ययन से 4 मुख्य बातें लिखिए ।



प्रश्न –13. दिए गए भारत के नक्शे में ताँबे प्राप्त होने वाले 4 स्थानों को प्रदर्शित कीजिए ।

अथवा

दिए गए भारत के नक्शे में 4 कोयला खानों को प्रदर्शित कीजिए ।

प्रश्न –14. विदेशनीति किसी पड़ोसी देश से संबंध मधुर करने या खराब करने में किस प्रकार भूमिका निभाते है।

अथवा

भाषाई आधार पर राज्यों का निर्माण क्यों और किस प्रकार किया गया ।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15. (अ) रूसी क्रांति के समय वहाँ के जनजीवन से जुड़ी कोई 3 बातें लिखिए । (3+2)

(ब) भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं दो कार्यों को लिखिए ।

अथवा

(अ) 1929 में आए आर्थिक मंदी का कोई 3 प्रभाव लिखिए ।

(ब) भारत,रूस,बांग्लादेश ,अफगानिस्तान की मुद्रा के नाम लिखिए ।

प्रश्न –16. (अ) सूखे की स्थिति में कृषक व मजदूर जीवन –यापन के लिए किन पर निर्भर होते हैं ?(3+2)

(ब) भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव लिखिए ।

अथवा

(अ) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किसे कहते हैं ?

(ब) सामाजिक आंदोलन किस प्रकार समाज में परिवर्तन लाता है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है। )

प्रश्न – 17. (अ) भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया लिखिए ।(3+3)

(ब) संविधान से समाज में हुए 3 परिवर्तन को लिखिए।

अथवा

(अ) निर्वाचन आयोग किस प्रकार निष्पक्ष निर्वाचन करवाती है ?

(ब) संविधान में उल्लेखित प्रस्तावना को लिखिए ।

प्रश्न –18. (अ) चलचित्र पर टिप्पणी लिखिए। (3+3)

(ब) लोकतंत्र में दबाव समूह की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(अ) हमारे जीवन में अखबार की भूमिका लिखिए।

(ब) जनसहभागिता में मीडिया की भूमिका को समझाइए।

..............................000..................................

सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 पूर्णांक 75

प्रादर्श प्रश्न पत्र (सेट F) समय–3 घण्टे

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं खण्ड (अ),खण्ड (ब)एवं खण्ड(स) । खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति से संबंधित प्रश्न एवं खण्ड (स) में सही संबंध जोड़ने से संबंधित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आंबटित है।

प्रश्न (1) खण्ड (अ) सही उत्तर चुनकर लिखिए –

(i) इनमें से कौन सा नवीनीकरण संसाधन नहीं है।

(अ)सौर ऊर्जा (स) पवन ऊर्जा

(ब)कोयला (द) जल ऊर्जा

( ii) ब्याज की दर किस खाते में अधिक है–

(अ) बचत खाता (स) स्थाई जमा खाता

(ब) चालू खाता (द) इनमें से कोई नहीं

( iii ) द्वितीय विश्वयुद्ध चला –

(अ) 1939से1945 तक (स) 1938 से 1942 तक

(ब) 1939 से1943 तक (द) 1939 से 1949 तक

( iv) BMI का पूरा नाम है –

(अ) Body Measurement (स) Body mass Indicator

(ब) Index Body Measurement Indicator (द) Body mass Index

( v) संविधान है –

(अ) सरकार का गठन (स) नियम एवं कानून का संकलित प्रलेख

(ब) देश का शासन (द) मौलिक अधिकार

खण्ड (ब)रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :–

(i) औसत आय को ............................................. आय भी कहा जाता है।

(ii) खरीफ की फसल का मुख्य खाद्यान्न .................................. है ।

(iii) मोटर गाड़ी उद्योग भारत के ........................................... प्रदेश में स्थित है।

(iv) गुट निरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम शिखर सम्मेलन ..................................... देश में हुआ था ।

(v) भारत सरकार ने 1992 में ..................................... की नीति अपनाई ।

खण्ड (स) सही उत्तर चुनकर लिखिए :–

| | |
|---|---|
| 1. भूमि उपयोग | (1) मिश्र |
| 2. न्यू डील | (2) भूमि का उत्पादनकारी उपयोग |
| 3. बिक्री कर | (3) 10 लाख से 50 लाख तक जनसंख्या |
| 4. कर्नल नासिर | (4) वस्तुओं के बिक्री पर कर |
| 5. महानगर | (5) फ्रेंकलिन रूजचवेल्ट |
| | (6) अमर्त्य सेन |

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न –2. सरकार जनता को कौन – कौन से सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान करती है ?

प्रश्न –3. रूस में जार निकोलस द्वितीय क्यों अलोकप्रिय था ? कोई दो कारण दीजिए।

प्रश्न –4. भूमण्डलीकरण का क्या अर्थ है ?

प्रश्न –5. फॉसीवाद एवं नाजीवाद की दो समानताएँ लिखिए।

प्रश्न –6. खाद्यान्नों के लिए बाजार पर पूर्णतः निर्भर कौन –कौन रहते हैं ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है। )

प्रश्न –7. किसी देश में लिंगानुपात कम होने पर क्या होगा ? कोई तीन बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न –8. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन की कोई तीन असमानताएँ लिखिए।

प्रश्न –9. शांति आंदोलन के कोई तीन उद्देश्य लिखिए ।

प्रश्न–10. वैश्वीकरण की नीति अपनाने से भारत में क्या परिवर्तन हुए ? कोई तीन बिंदुओं को समझाइए ।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं । (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।)

प्रश्न –11. प्रथम विश्वयुद्ध में कौन –कौन सी नई तकनीकों का प्रयोग किया गया ?सविस्तार समझाइए।(कोई –4)

अथवा

वर्साय की संधि की प्रमुख शर्तें लिखिए। (कोई 4)

प्रश्न –12. महिलाओं की बेहतर शिक्षा के लिए क्या – क्या उपाय करने चाहिए ? अपने विचार कोई चार बिंदु में लिखिए ।

अथवा

क्या विघुत उत्पादन के लिए हमें कोयले पर निर्भर रहना चाहिए ? इसके क्या विकल्प हो सकते है ? विस्तार से समझाईए ।

प्रश्न –13. सरकारी बजट से क्या अभिप्राय है ?इसमें किन – किन बातों का विवरण होता है? लिखिए ।

अथवा

सरकार को खर्च करने और कर वसूलने की पूरी स्वतंत्रता क्यों नहीं दी गई है ?


https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/

प्रश्न –14 आपके मत से हमारे लोकतांत्रिक राजनेताओं के सामने आज क्या – क्या चुनौतियाँ हैं? लिखिए। (कोई चार)

अथवा

भारत में लिंगानुपात के आरेख को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

भारत में लिंगानुपात




(1) सबसे अधिक एवं सबसे कम लिंगानुपात किस दशक में रहा है?

(2) किस दशक के बाद लिंगानुपात निरंतर बढ़ता दिखाई दे रहा है?

(3) लिंगानुपात बढ़ने के क्या –क्या कारण हो सकते हैं?

(4) 2011 का लिंगानुपात लगभग किस दशक के बराबर हो गया?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 15 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 है )

प्रश्न –15 मोटे अनाजों के उत्पादन में कमी होने के क्या कारण हैं ?लिखिए। (कोई पाँच बिंदु)

अथवा

रूस की क्रांतिकारी सरकार के प्रमुख कदम क्या थे ? लिखिए।

प्रश्न –16 दूसरे देश की बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ किस प्रकार उत्पादन पर नियत्रंण स्थापित करती हैं ? समझाइए।

अथवा

ग्रामीण अधिवास एवं नगरीय अधिवास की तुलना कीजिए। (कोई पाँच बिंदु पर )

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 17 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 है। )

प्रश्न–17 कानून बनाने की प्रक्रिया में संसद कार्यपालिका पर किस प्रकार निर्भर है? लिखिए।

अथवा

टिप्पणी लिखिए – (1) शक्ति पृथक्करण सिद्धान्त

(2) संविधान की उद्देशिका का महत्व

प्रश्न –18 राजनैतिक दल व दबाव समूह की 3–3 विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

मुद्रित माध्यम और टी.वी. के संप्रेषण में आप क्या समानता एवं अंतर देखते हैं ? लिखिए।

https://www.freshersnow.com/board-model-question-papers/